


# IKMG पत्रिका

June, 2023 issue
24th edition

# Core Members



## Raj Khanna

Founder Chairman - IKMG

# Patrons



Kamla Seth

Patron



Rakesh Tandon

Patron



Shashi Mehrotra

Patron

# Advisory Council



Akhil Tandon

Member - Advisory Council



Suman Kapoor

Member - Advisory Council

# Directors



Amit Tandon

Director



Kunu Kapoor

Director & President – Kannauj



Mukul Varma

Director



## Paras Tandon

Director



## Sharad Mehrotra

Director



## Dr. Shonu Mehrotra

Director



## Varun Mehrotra

Director

# Presidents - India Chapters



## Dr. Anurag Mehrotra

President - Men's Wing - Kanpur




## Chhavi Mehrotra

President - Agra



## Dr. Kamal Dhawan

President - Women's Wing - Kanpur



## Jai Shree Khanna

President - Moradabad



## Kiran Batra

President - Jhansi



## Mala Mehrotra
President - Vrindavan & Mathura



## Mamta Sethi Bhamri
President - Meerut



## Mita Kakkar
President - Jaipur



## Neha Kapoor Mehrotra
President - Pilibhit



## Pankaj Mehrotra
President - Noida & Ghaziabad



## Poonam Arora
President - Dehradoon



## Prachi Kapoor

President - Mumbai



## Rachna Tandon

President - Women’s wing - Lucknow



## Rajni Kapoor

President - Gurgaon & Faridabad



## Rajni Seth

President - Shahjahanpur



## Rakhi Chopra

President - Lakhimpur



## Ranjan Jalote

President - Varanasi



## Ravi Mehrotra

President - Bareilly



## Renu Mehrotra

President - Biswan



## Rohit Mehrotra

President - Prayagraj



## Sanjiv Mehrotra

President - Lucknow



## Santosh Kapoor

President - Aurangabad



## Shreyas Seth

President - Kolkata



## Shobhna Mehrotra

President - Sitapur



## Shubham Kapoor

President - Ramnagar & Kashipur



## Sourabh Tandon

President - Delhi



## Vimal Mehra

President – Jodhpur

# Presidents - International Chapters



Anamika Khanna

President - Hongkong



Anirudh Khanna

President - Germany



Gaurav Mehrotra

President - USA



Kanhaiya Mehrotra

President – Canada



Priti Mehrotra

President – Australia

# Other office bearers



## Ankit Mehta

Vice President - Mussoorie & Dehradun



## Chander Mohan

Vice President - Ambala



## Darshana Khanna

Vice President - Moradabad



## Kanak Mehrotra

Vice President - Australia



## Keshav Baijal

Vice President - Lucknow



## Kuldeep Arora

Vice President - Vrindavan



## Laxmi Khanna

Vice President - Women's wing - Kanpur



## Naresh Burman

Vice President - Mathura



## Nayan Mehrotra

Vice President - Youth Wing and Gurgaon & Faridabad



## Pawan Mehrotra

Vice President - Agra



## Poonam Tandon

Vice President - Shahjahanpur



## Rahul Wahal

Vice President - Mumbai



## Reena Mehrotra

Vice President - Kannauj



## Rina Burman

Vice President - Kolkata



## Ruby Puneet Bhalla

Vice President - Biswan



## Sapna Kakkar

Vice President - Lakhimpur



## Suchita Kacker Meena

Vice President – Delhi



## Sunita Tandon

Vice President - Canada



## Utkarsh Mehrotra

Vice President - Varanasi



## Vikas Kapoor

Vice President – Jodhpur



## Pashupati Tandon

Treasurer - Noida & Ghaziabad



## Beena Mehrotra

Treasurer - Shahjahanpur



## Rachna Mehrotra

Treasurer - Kannauj



## Rama Kant Tandon

Treasurer - Lucknow



# Arti Khanna

Secretary - Shahjahanpur



# Manju Mehrotra

Secretary - Kannauj



# Raj Kapur

Secretary - Noida & Ghaziabad



# Sachin Kapoor

Secretary - Bareilly



# Sanjay Tandon

Secretary – Lucknow



# Jayant Mehrotra

Mentor - Mumbai




# Savita Chopra

Mentor - Lakhimpur

# From the Chairman’s desk

## Writer: Mr. Raj Khanna, London



**IKMG Agra Unit Celebrates Success:**

**Opening 'The Learning Tree' and Completing First Month**

Dear All,
It swells my chest with pride and glory when I look back at the history of what we’ve achieved so far. The journey of our relentless efforts always yielded its fruits - but its the effect on the lives of others that counts.

In a remarkable display of dedication and hard work, the IKMG Agra Unit has achieved a significant milestone by successfully opening their first school, aptly named 'The Learning Tree.' The unit's relentless efforts and unwavering commitment have borne fruit as they completed their first month of operations, leaving a

positive impact on the education landscape of Agra.

The journey towards establishing 'The Learning Tree' was not an easy one. It required meticulous planning, tireless fundraising, and the dedication of numerous volunteers. The IKMG Agra Unit overcame various challenges, from securing a suitable location to designing a curriculum that caters to the diverse needs of students. Their perseverance and vision have culminated in the realisation of a dream that will benefit countless young minds.

The first month of operation for 'The Learning Tree' has been nothing short of inspiring. The dedicated team of educators and staff have created a nurturing and engaging environment for the students, fostering a love for learning and personal growth. The school's focus on holistic development, encompassing academics, extracurricular activities, and character building, has garnered praise from parents and the local community.

This achievement serves as an inspiration for other IKMG units in



different cities. It showcases the potential of a unified effort and emphasises the importance of hard work in bringing about positive change. The success of the Agra Unit should motivate and encourage other units to embark on similar endeavours.

To the units from other cities, take inspiration from the dedication and perseverance exhibited by the IKMG Agra Unit. Let this be a reminder that through hard work, unwavering commitment, and a shared vision, remarkable achievements can be attained. Together, we can shape a brighter future for the generations to come.

As the IKMG Agra Unit celebrates the opening of 'The Learning Tree' and the completion of its first month, let us applaud their hard work and determination. May their success inspire many more units to follow suit, spreading the light of education and making a lasting impact on the lives of countless children across the nation.

I thank all of you with the bottom of my heart for your tireless pursuits towards IKMG and its ideology. Looking forward for more like this!

Mr. Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in London. He is committed to social service, philanthropy and well being of the society.



# Table of Contents / विषय  सूची


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | शिवलिंग के ऊपर चढ़ायें जाने वाले घट का महत्व | 23 |
| 2 | अश्क | 25 |
| 3 | गोरी की गुहार | 27 |
| 4 | गजल | 29 |
| 5 | आओ जीवन चमन करें | 31 |
| 6 | पता ही नहीं चला | 34 |
| 7 | कुल देवी व कुल देवता का महत्व | 36 |
| 8 | कुंडली के छठे भाव में सूर्य का प्रभाव | 43 |
| 9 | गीदड़ की दगाबाजी | 48 |
| 10 | पार्क की आत्मकथा | 51 |
| 11 | Our proudest moments | 54 |
| 12 | Kitchen Tales | 59 |
| 13 | The art corner | 64 |

# शिवलिंग के ऊपर चढ़ायें जाने वाले घट का महत्व

## लेखिका - श्रीमती रजनी सेठ, शाहजहाँपुर

प्रायः हम लोग देखते हैं कि शिवलिंग के ऊपर एक मटकी बंधी होती है इसे या तो स्टैंड पर रखते हैं या ऊपर जंजीर से बांधा जाता है। मटकी में जल भरा होता है। मटकी में एक छेद किया जाता है ताकि भगवान शिव पर निरंतर जल गिरता रहे। भक्त लोग लोटे से जल मटकी में भरते हैं। इसकी एक मान्यता है कि यह कार्य वैशाख मास से प्रारंभ होता है और जेठ मास मे सावन से पहले पूर्ण होता है।

ऐसी प्रथा क्यों है; इसके पीछे एक कथा है कि समुद्र मंथन के समय कालकूट नामक विष निकला। जिससे संसार में त्राहि-त्राहि मच गयी और तब भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। मान्यताओं के अनुसार वैशाख मास में अत्याधिक गर्मी पड़ने लगती है तो कालकूट के विषय के कारण भगवान शिव के शरीर का तापमान


बढ़ने लगता है। उस तापमान को नियंत्रित करने के लिए शिवजी के ऊपर घट बांधा जाता है। जिसे गलन्तिका भी कहते हैं। इसमें से एक एक बूंद जल टपकता है और भोलेनाथ को शीतलता प्रदान करता है।इसको प्रायः सभी शिव मंदिर व जिन घरों में भोलेनाथ का विग्रह होता है रखा जाता है। यह विशेष ध्यान दिया जाता है कि इसमें शुद्ध जल ही भरा जाए।

Mrs. Rajni Seth has a keen interest in reading, writing poetry/articles in Hindi language. She also has great interest in singing old songs, gazals and bhajans.



# अश्क

## लेखिका - डॉ सुमन मेहरोत्रा, मुजफ्फरपुर



साँवरे तेरी सूरत को मैंने सजाया।

मूरत को तेरी मैंने दिल में बसाया।

अब तो खबर ले लेना मेरे कन्हैया -----

अश्क नैनों ने तेरी याद में बहाया।

बाँसुरी वाले तुम नेह लगा चल दिए।

वंशी की मृदु धुन सुना कर चल दिए।

पनघट पर तेरी राह तके बैठी राधा-----

तुम अपने अश्क छुपा कर चल दिए।

हर दिल में दर्द  का  दरिया होता है।

बयान करने का अंदाज जुदा होता है ।

गोपियां अपने अश्क नैनों में पी लेती----

किसी की हँसी में  दर्द छुपा होता है।

दिल के  हर  कोने में कान्हा  बसते हैं।

कोई मंजिल मिलती तो ठहर जाते हैं ।

साँवरे तेरी नूर की आभा का उजाला है ----

अश्क भी मुसाफिर बन कर आ ही जाते हैं।

डा० सुमन मेहरोत्रा करीब चालीस वर्षों तक निजी स्कूलों में सम्मानित शिक्षिका पद पर प्रतिष्ठित रहीं । आपकी रुचि पठन, पाठन, लेखन, सिलाई, कढाई आदि में है एवं आपकी कविता, लेख, कहानी, समीक्षा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं I



# गोरी की गुहार

## लेखिका - श्रीमती ऋतु अग्रवाल, मेरठ

मद्धम मद्धम चाल, जल भर गगरी हाथ में।

लटें चूमती गाल, पायल पहनी पाँव हैं।।

पायल पहनी पाँव हैं सखी, कानों झूले झाले।

गले पड़ा चाँदी का हरवा, हाथों कंगन डाले।।

कहती "ऋतु" यह बात खरी सी, सुन्दर कारे नैना।

मनमोहक है दृष्टि तुम्हारी, लूटे सबका चैना।।




मटकी लेकर हाथ, नदी किनारे है खड़ी।
जो आई थीं साथ, सखियाँ सारी छुप गईं।।
सखियाँ सारी छुप गईं कहाँ, घर अब कैसे जाऊँ।
पथ में कान्हा हैं खड़े वहाँ, उनसे पार न पाऊँ।।
कहती "ऋतु" यह बात खरी सी, वापस आओ सारी।
करो न मुझसे हँसी ठिठोली, मैं तुम सम्मुख हारी।

Mrs. Ritu Aggarwal resides in Meerut. She is a well trained culinary artist and is learning classical music.



# गजल

लेखिका - श्रीमती शबनम मेहरोत्रा, कानपुर



लाखों में एक मिल गए है ये नसीब से
तोड़े है रिश्ते पहले के वो सारे हबीब से

तुम दूर से क्यों देखते हो एक टक मुझे
आओ न देख लो मुझे अब तुम करीब से

पहले तो उसने मुझको बड़े खव्वाब दिखाये
हालत बना दिया है ये कैसे अजीब से

रूहानी भी है पाक भी है प्यार का जज्बा

मैं जानती हूँ प्यार किया एक गरीब से

शबनम वो कह रहे हैं फिर से दोस्ती कर ले


उम्मीदें वफाये कैसे करूँ मैं एक रकीब से

श्रीमती शबनम मेहरोत्रा का जन्म १९४९ में जबलपुर नगर में सम्भ्रांत कुलीन व्यापारिक परिवार में हुआ।
प्रकाशित कृतियाँ- प्रेम पथ ( काव्य संग्रह)
साझा संग्रह - स्वर्णाभ (काव्य)
साझा संग्रह - दौर ए हयात (लघुकथा)
भावंजली कविता संग्रह व सुमन सुगंध साझा लघुकथा संग्रह



# आओ जीवन चमन करें

## लेखक - श्री मनोज पुरी, ग्रेटर नोएडा




किसी के मुख से फूल हैं झड़ते, कोई विष का वमन करे,
कोई दुख में साथ निभाए, अपनों का ही कोई दमन करे।
मन के सेवा भावों से, जग के कष्टों का शमन करें,
इच्छित फल पाने की खातिर, पूजा चाहे हवन करें।।

अग्नि नहीं कर पाए जिसको, उस कार्य को पवन करे,
सफेदपोश ही ज्यादातर, घोटाले और गबन करें।
उन्नति के अवसर आने पर, चाहे दूर देश का गमन करें,
पर मात-पिता के चरणों में, आठों पहर ही नमन करें।।

मतभेद उजागर कर आपस के, रिश्तों में न तपन करें,
शीत युद्ध की आंच बुरी है, मन में पैदा गलन करे।
मानव जीवन क्षण भंगुर है, आपस में न जलन करें,
मन के भावों से ही अपने, जीवन को हम चमन करें।।


श्री मनोज पुरी ‘केन्द्रीय राजस्व नियन्त्रण सेवा ' के सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी हैं जिनकी कविताओं का संग्रह- 'अंजुमन' काव्य जगत में चर्चित रहा है तथा वे कई स्थानों पर पुरस्कृत व सम्मानित हुए हैं। आप पिछले ५० वर्षों से अधिक योग से जुड़े हैं व ३५ वर्षो से अधिक योग प्रशिक्षक के रूप में समाज सेवा कर रहें हैं।




VIVAAH
Love isn't found, it's built.
Register for free
shubbhvivaah.com
And so together they built the life they loved

# पता ही नहीं चला

## लेखक - श्री राज खन्ना, लंदन



कैसे कटा 21 से 61 तक का यह सफ़र, पता ही नहीं चला ।

क्या पाया, क्या खोया, क्यों खोया, पता ही नहीं चला !

बीता बचपन, गई जवानी, कब आया बुढ़ापा, पता ही नहीं चला ।

कोई कहता सठिया गये, कोई कहता छा गये, क्या सच है, पता ही नहीं चला !

पहले माँ बाप की चली, फिर बीवी की चली, फिर चली बच्चों की,

अपनी कब चली, पता ही नहीं चला !

बीवी कहती अब तो समझ जाओ, क्या समझूँ, क्या न समझूँ,

न जाने क्यों, पता ही नहीं चला !

दिल कहता जवान हूँ मैं, उम्र कहती है नादान हूँ मैं, इस चक्कर में कब

घुटनें घिस गये, पता ही नहीं चला !

झड़ गये बाल, लटक गये गाल, लग गया चश्मा,

कब बदली यह सूरत, पता ही नहीं चला !

समय बदला, मैं बदला बदल गई मित्र-मंडली भी


कितने छूट गये, कितने रह गये मित्र, पता ही नही चला

कल तक अठखेलियाँ, करते थे मित्रों के साथ,

कब सीनियर सिटिज़न की लाइन में आ गये, पता ही नहीं चला !


जी भर के जी लो यारों फिर न कहना कि .."मुझे पता ही नहीं चला।"

Mr. Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in London. He is committed to social service, philanthropy and well being of the society.



# कुल देवी व कुल देवता का महत्व

## लेखिका - डॉ. शोनू मेहरोत्रा, आगरा



हिन्दू पारिवारिक व्यवस्था में कुलदेवता या कुलदेवी का स्थान हमेशा से रहा है। हमारे पूर्वजो ने अपने वंश- परिवार की नकारात्मक ऊर्जाओं और उनसे उत्पन्न बाधाओं से रक्षा करने के लिए एक पारलौकिक शक्ति का कुलदेवी के रूप में चुनाव किया और उन्हें पूजना शुरू किया। यह शक्ति उस वंश की उन्नति में नकारात्मक ऊर्जा को बाधाएं और विघ्न उत्पन्न करने से रोकती थी और फिर उस कुलदेवी का पूजन उस वंश में पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरा बन गया।

**हमारे सुरक्षा कवच हैं कुलदेवी / कुलदेवता**

कुल देवता या देवी हमारे वह सुरक्षा आवरण हैं जो किसी भी बाहरी बाधा, नकारात्मक ऊर्जा के परिवार में अथवा व्यक्ति पर प्रवेश से पहले सर्वप्रथम उससे संघर्ष करते हैं और उसे रोकते हैं, यह पारिवारिक संस्कारों और नैतिक आचरण के प्रति भी समय समय पर सचेत करते रहते हैं।

यदि हम इनकी उपेक्षा करें, तो किसी भी पूजा या साधना का फल उस ईष्ट देव तक नहीं पहुँचता, क्योकि सेतु कार्य करना बंद कर देता है और बाहरी बाधाये, अभिचार आदि, नकारात्मक ऊर्जा बिना बाधा व्यक्ति तक पहुंचने लगती हैं, कभी कभी व्यक्ति या परिवारों द्वारा दी जा रही ईष्ट की पूजा कोई अन्य बाहरी वायव्य शक्ति लेने लगती है, अर्थात पूजा न ईष्ट तक जाती है न उसका लाभ मिलता है, ऐसा कुलदेवता की निर्लिप्तता अथवा उनके शक्तिहीन होने से होता है।

**कुलदेवी की उपेक्षा के मुख्य कारण**

आधुनिकता की अंधी दौड़ में समय के साथ परिवारों के दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित होने, धर्म परिवर्तन करने, आक्रान्ताओं के भय से विस्थापित होने, जानकार व्यक्ति के असमय मृत होने, विजातीयता पनपने, इसके पीछे के कारण को न समझ पाने आदि के कारण बहुत से परिवार अपने कुल देवता/देवी को भूल गए अथवा उन्हें मालूम ही नहीं रहा कि उनके कुल देवता/देवी कौन हैं या किस प्रकार उनकी पूजा की जाती है, इनमे पीढ़ियों से शहरों में रहने वाले परिवार अधिक हैं। कुछ स्वयंभू आधुनिक मानने वाले और हर बात में वैज्ञानिकता खोजने वालों ने भी अपने ज्ञान के गर्व में अथवा अपनी वर्तमान अच्छी स्थिति के गर्व में इन्हें छोड़ दिया या इनपर ध्यान नहीं दिया ।

**पूजा ना होने पर बाधाओं के कारण**

कुलदेवी कभी भी अपने उपासकों का अनिष्ट नहीं करती। कुलदेवियों की पूजा ना करने पर उत्पन्न बाधाओं का कारण कुलदेवी नहीं अपितु हमारे सुरक्षा चक्र का टूटना है।
जब हम इनकी उपासना बंद कर देते हैं तब कुलदेवी तब कुछ वर्षों तक तो कोई प्रभाव ज्ञात नहीं होता, किन्तु उसके बाद जब सुरक्षा चक्र हटता है तो परिवार में दुर्घटनाओं, नकारात्मकता ऊर्जा “वायव्य” बाधाओं का बेरोक-टोक प्रवेश शुरू हो जाता है, उन्नति रुकने लगती है, पीढ़िया अपेक्षित उन्नति नहीं कर पातीं, संस्कारों का भय, नैतिक पतन, कलह, उपद्रव, अशांति शुरू हो जाती हैं, व्यक्ति कारण खोजने का प्रयास करता है कारण जल्दी नहीं पता चलता क्योंकि व्यक्ति की ग्रह स्थितियों से इनका बहुत मतलब नहीं होता है।

अतः ज्योतिष आदि से इन्हें पकड़ना मुश्किल होता है, भाग्य कुछ कहता है और व्यक्ति के साथ कुछ और घटता है। कुलदेवता या देवी सम्बन्धित व्यक्ति के पारिवारिक संस्कारों के प्रति संवेदनशील होते हैं और पूजा पद्धति, उलटफेर, विधर्मीय क्रियाओं अथवा पूजाओं से रुष्ट हो सकते हैं।

सामान्यतया इनकी पूजा वर्ष में एक बार अथवा दो बार निश्चित समय पर होती है। शादी-विवाह संतानोत्पत्ति आदि होने पर इन्हें विशिष्ट पूजाएँ भी दी जाती हैं। यदि यह सब बंद हो जाए तो यह मूकदर्शक हो जाते हैं और परिवार बिना किसी सुरक्षा आवरण के पारलौकिक शक्तियों के लिए खुल जाता है। जिन नकारात्मक शक्तियों को कुलदेवी रोके रखती हैं, सुरक्षा चक्र के अभाव में वे सभी शक्तियां घर में प्रवेश कर परेशानियां उत्पन्न करती हैं। परिवार में विभिन्न तरह की परेशानियां शुरू हो जाती हैं। अतः प्रत्येक व्यक्ति परिवार को अपने कुलदेवता या देवी को जानना चाहिए तथा यथायोग्य उन्हें पूजा प्रदान करनी चाहिए, जिससे परिवार की सुरक्षा-उन्नति होती रहे।

**कुछ उपयोगी सुझाव**

जीवन की बहुत समस्याओं से हम बच सकते हैं यदि कुछ और बातों पर हम अमल करें और अपनी जन्म कुंडली में बुरे ग्रहो से भी मुक्त हो सकते हैं।

1: किसी भी ख़ुशी के मौके पर व होली, दीपावली व दशहरे, शादी, जन्मदिन, पर्व आदि पर घर में पूर्ण स्वच्छता से भोजन तैयार करें और दो थाली भोजन एक में भगवान् का भोग लगाएं और दूसरी थाली से अपने पितरों का भोग लगाकर उचित दक्षिणा के साथ किसी सात्विक ब्राह्मण को दें।

2: अपने रस्म रिवाज अनुसार इन्ही अवसरों पर अपने कुल के देवी देवता का श्रद्धा पूर्वक पूजन और भोग सामग्री आदि दें।

3: अपने बुजुर्गों का कभी भी अपमान न करे बल्कि उनकी सेवा करें।

4: भूल से भी सर्प और कुत्ता जीव जंतुओं को न मारें।

5: माह में एक बार परिवार सहित गऊ शाला में जाकर अपने हाथ से चारा पानी आदि दें।

6: गरीब और जरुरत मंद वृद्ध मजदूर कोड़ी दिव्यांग आदि लोगों की मदद करें।

7: दिल से प्रभु को जितना समय हो याद करें और विचारवान बनें चिंतन करें भजन सुमिरन करें।

8: अपनी पुरानी परंपराओं रस्म रिवाजों व जो बुजुर्गों द्वारा चली आ रही हैं उनका श्रद्धा पूर्वक पालन करें।





Dr. Shonu Mehrotra resides in Agra and is an astro, Vastu, numerology & occult science expert. She is a social activist and runs an NGO called Sharan Sewa Samiti.




JM Kothari&Son Jewellers
Manufacturers,Wholesalers
of Bikaner Polki, Kundan
and Jadau Jewellery
E17 South Extension Part 2
9891166666
jmkjmk2004@gmail.com
follow us on Instagram
@‘jmkothari1’

# कुंडली के छठे भाव में सूर्य का प्रभाव

## लेखक - श्री पवन मेहरोत्रा, आगरा



1) कुंडली के षष्टम भाव में सूर्य के प्रभाव को जानने के लिए सर्वप्रथम हम सूर्य और षष्टम भाव के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

2) छठा भाव शत्रु भाव होता है, सूर्य ग्रहों के राजा हैं , जब सूर्य छठे भाव में विराजमान हो तो जातक अपने शत्रु पर विजय प्राप्त करता है और शत्रु का सफलतापूर्वक दमन कर देता है। जातक में शत्रु से पार पाने की नैसर्गिक क्षमता होती है । जातक शक्तिशाली होता है और उसके शत्रु उससे भय खाते हैं या उससे शत्रुता कोई नहीं रखना चाहता है। यदि सूर्य छठे भाव में बली हो तो जातक अपने सभी प्रयासों में सफलता प्राप्त करता है । जातक प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करता है या जीवन के किसी भी क्षेत्र में कंपटीशन में सफलता प्राप्त करता है। यदि सूर्य छठे भाव में

पीड़ित हो तो जातक को प्रशासनिक अधिकारी से या एडमिनिस्ट्रेशन से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

3) छठा भाव रोगों का कारक होता है । सूर्य हमारी जठराग्नि का कारक होता है । यदि सूर्य कुंडली में छठे भाव में बली हो और सुस्थित हो तो जातक का पाचन तंत्र बहुत ही मजबूत होता है और जैसा कि हम सभी जानते हैं मजबूत पाचन तंत्र जातक को निरोगी रखने का एक बहुत ही अच्छा उपाय है अतः जातक निरोगी होगा और वह स्वस्थ होगा लेकिन यदि सूर्य छठे भाव में पीड़ित हो तो जातक लंबी चलने वाली बीमारी से या लीवर से संबंधित समस्या से परेशान रह सकता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं सूर्य हृदय अजय का कारक है पीड़ित छठे भाव में हृदय से संबंधित समस्या का कारण हो सकता है, जातक प्रायः बुखार या पित्त सम्बंधित समस्या से पीड़ित रह सकता है।

4) छठा भाव भय का कारक भाव है, जब सूर्य छठे भाव में हो तब जातक में राजा का गुण होता है और राजा प्रायः किसी से भी भयभीत नहीं होता है, अतः जातक बहादुर होगा और निर्भीक होगा।

5) छठा भाव मामा से संबंधित होता है जब सूर्य छठे भाव में हो तब जातक के मामा एक प्रसिद्ध व्यक्ति हो सकते हैं और जातक को अपने मामा घर से सहायता मिलेगी।

6) छठा भाव नौकरी से संबंधित होता है, अतः सूर्य छठे भाव में जातक को सरकारी नौकरी दिलाने में सक्षम होता है। जातक प्रशासनिक पद पर हो सकता है या किसी मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी कर सकता है।

7) सूर्य प्रसिद्धि का कारक है, जब सूर्य छठे भाव में हो तब जातक अपने शत्रु पर विजय प्राप्त करता है और जिसके कारण जातक प्रसिद्धि को प्राप्त करता है । जातक किसी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त करता है और नाम और प्रसिद्धि को प्राप्त करता है। यदि सूर्य बली हो तो जातक की प्रसिद्धि एक राजा के समान हो सकती है। जातक सरकारी ऑफिस में या प्रशासनिक अफसरों के बीच प्रसिद्ध हो सकता है।

8) छठा भाव अर्थ त्रिकोण होता है अतः सूर्य छठे भाव में जातक को धनी बनाता है । जातक सरकार से धन प्राप्त कर सकता है । जातक सरकार से ऋण प्राप्त कर सकता है।

9) सूर्य छठे भाव में जातक की पत्नी को रोग दे सकता है । जातक अपनी पत्नी के स्वास्थ्य पर बहुत सारा धन खर्च कर सकता है। जातक विदेश भ्रमण पर जा सकता है। ज्योतिष के पौराणिक शास्त्रों के अनुसार, सूर्य छठे भाव में जातक को राजा बनाता है। अतः आज के परिपेक्ष में जातक एक सफल राजनीतिज्ञ हो सकता है या किसी संस्था का प्रमुख हो सकता है।

श्री पवन मेहरोत्रा आगरा के निवासी हैं और एक कुशल वास्तु व अंकशास्त्र विशेषज्ञ हैं I



IKMG LTD
Connecting people who care..

# IKMG पत्रिका


## Collector's edition

**JULY, 2023**

**25TH ISSUE**

# गीदड़ की दगाबाजी

## लेखिका - श्रीमती पूनम टंडन, शाहजहाँपुर



एक गीदड़ तथा एक ऊंट में बहुत मित्रता थी। न तो ऊंट बिना गीदड़ के एक पल भी रह सकता था और न ही गीदड़ बिना ऊंट के।

दोनों का ही साथ साथ उठना-बैठना व खाना-पीना होता था। यदि गीदड़ बीमार पड़ता तो ऊंट उसकी सेवा करता और ऊंट बीमार पड़ता तो गीदड़ उसके लिए दवा ले आता और तब तक चैन न लेता जब तक वह स्वस्थ न हो जाता।

एक दिन दोनों दोस्तों ने नदी पार जाकर मीठे खरबूजे खाने की योजना बनाई। बस फिर क्या था ऊंट की पीठ पर चढ़कर गीदड़ ने नदी पार कर खरबूजे को खाकर खूब आनंद उठाया उसका पेट छोटा होने के कारण जल्दी से भर गया पर ऊंट का पेट तो विशाल था और उसे अपना पेट भरने में काफी समय लग गया।

इसी समय कहीं से गीदड़ो की हुआं हुआं की आवाज सुनाई दी।

गीदड़ और कुत्ते का तो यह स्वभाव होता है कि वह अपने साथियों की आवाज सुनकर चुप नहीं रह सकते हैं और उनकी आवाज में आवाज मिलाने लगते हैं।

बस फिर क्या था ऊंट का दोस्त गीदड़ भी अपने साथी की हुआं हुआं की आवाज सुनकर जोर जोर से चिल्लाने लगा। इनकी आवाज सुनकर रखवाला भी आ गया गीदड़ तो तुरंत ही भाग निकला पर ऊंट रखवाले की पकड़ में आ गया।

रखवाले ने उसकी जी भर पिटाई की। ऊंट अपने दोस्त के कारनामे से बहुत दुखी हो गया। वापसी में फिर गीदड़ ऊंट की पीठ पर बैठ गया था। नदी के बीच में आने पर ऊंट ने गीदड़ से कहा उसका पेट बहुत भर गया है तथा गर्म भी हो गया है और वह पानी में लोटना चाहता है।



गीदड़ ने उसे यह करने के लिए मना किया पर ऊंट कहां मानने वाला था।

वह पानी में लोटने लगा, गीदड़ की सांस पानी में घुटने लगी और वह कुछ ही क्षणों में छटपटा कर मर गया।

इस प्रकार ऊंट ने गीदड़ से अपना बदला ले लिया।


अतः इस कहानी का निचोड़ यह है  कि एक दोस्त को अपनी दोस्ती इमानदारी से निभानी चाहिए कभी भी दोस्त के साथ दगाबाजी नहीं करनी चाहिए। यही इस कहानी के माध्यम से मैं दोस्तों को बताना चाहती हूं  कि दोस्ती करें तो इमानदारी से वरना दगाबाजी दोस्त से कभी न करें।

Mrs.  Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.



# पार्क की आत्मकथा

## लेखिका - श्रीमती नीलम टंडन, आगरा



संजोए हुए हूं, सैकड़ों साल पुराने दरख्तों को,

खुश होता हूं देख हरी हरी टहनियाँ,

रंग बिरंगे फूल, चहचहाती चिड़ियाँ,

कीट, पतंगों, भंवरों का भिनभिनाना,

नित्य, सूर्योदय  से पूर्व ही आती हैं

महिलाओं की, पुरुषों की, बच्चों की व बुजुर्गों की टोलियां,

लुत्फ उठाने मेरे प्राकृतिक सौंदर्य,

कुछ खुश होकर बतियाते हैं,

कुछ गम भुलाने को प्रकृति के आगोश मे खो जाते हैं,

पढ़ता रहता हूँ, सबके चेहरे



सिलसिला चलता रहता है देर रात्रि तक,

सहता रहता हूँ मानव व्यवहार को,

कुछ करते हैं निश्छल प्रेम, कुछ क्षीण कर जाते हैं सीना मेरा,

बचा हुआ हूँ, उन्नति के इस दौर मे,

नहीं पड़ती नज़र किसी भवन निर्माता की

चल जाएगा बुलडोजर मेरे सीने पर.........!!



नीलम टंडन कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं व समय समय पर सामाजिक कामों के लिए अपना योगदान करती रहती हैं ।

VIVAAH



## जुड़ें शुभविवाह से और लाभ उठायें

# शुभविवाह के बेहतरीन ऑफर्स का

गोल्ड प्लस (90 दिन) - ₹ 549/-

प्लैटिनम प्लस (90 दिन) - ₹ 849/-

डायमंड प्लस (90 दिन) - ₹ 949/-

फ्री रजिस्ट्रेशन

+44 7799 748884, +91 93196 20818, www.shubbhvivaah.com


OUR
PROUDEST
MOMENTS

# Dental Health check-up camp

## Lakhimpur Khiri

IKMG की 5th Anniversary के उपलक्ष में IKMG की सम्मानित सदस्य और खत्री महिला संगठन की पूर्वाध्यक्ष श्रीमती रजनी टंडन जी के सहयोग से शहर के स्कूल HAPPY DAYS में एक DENTAL HEALTH CHECK-UP CAMP का आयोजन IKMG के सम्मानित सदस्य और खत्री सभा के संरक्षक जाने माने डॉ प्रदीप टंडन द्वारा लगाया गया जिसमें उनके द्वारा 110 बच्चों और स्टाफ़ का परीक्षण किया गया ।



बच्चों को दांतों की देखभाल से संबंधित शिक्षा और सभी बच्चों और स्टाफ़ को paste और ब्रश का वितरण किया गया।  कार्यक्रम में प्रदीप टंडन जी, रजनी टंडन जी, के साथ सहयोग के लिए IKMG अध्यक्ष राखी चोपड़ा, सचिव रश्मि महेंद्र,  कविता शेखर, अंजुल जलोटा, संगीता महेंद्र, संगीता शेखर, श्याम जी शेखर, मधुकर महेंद्र, तथा स्कूल प्रबंधक चेतन शेखर, सीमा शेखर और उनका स्टाफ उपस्थित रहा।






IKMG Learning Tree 1st Day with free T-Shirt Uniform distribution by Mr D C seth of Raghomulls Lifestle New Delhi.

School Wing managed at local level by Principal Dr. Mrs Shonu Mehrotra who is also Director IKMG Ltd- London

Happy Earth Day
Save Our Planet

Earth Day was celebrated on 30th April by IKMG Kanpur Working Committee at Kanpur to remind the community of their duties towards 'Mother Nature. ' As a part of environmental education, "Go- Green" initiative was taken to engage the whole community in making a difference.









For more information: Whats App us: +447798748884 / Mail us at: intkmg@gmail.com / Visit us: www.ikmgglobal.org
Please visit IKMG Youtube channel and subscribe: **https://www.youtube.com/channel/UC2ctPnnievVwCW3c7Ndye7g**
IKMG Radio where you can enjoy music 24/7 (Enjoy Kavi sammelan, Ghazals, Chat Shows, etc.)
**https://ikmg.s3.ap-south-1.amazonaws.com/ikmg.html**

KITCHEN Tales

# पिंडी छोले

## श्रीमती अंजुल जलोटा द्वारा बनाने की विधि

**सामग्री -**

काबुली छोले

कुछ खड़े मसाले -- लौंग, ईलायची, काली मिर्च, चाय पत्ती, कुछ सूखे आंवले (अगर हों तो) - मिला कर एक कपड़े की पोटली बना लें।




सूखा धनिया: 4-5 चम्मच

लाल मिर्च

हल्दी-आधा चम्मच

भुना जीरा

सादा जीरा

निम्बू

अदरक घिसी हुई और अदरक के लच्छे भी

टमाटर: 4-5

# विधि:

छोलों को पहले मसालों की पोटली और नमक डाल कर उबाल लें।

पानी छान कर छोले अलग कर लें।

अब एक कढ़ाई मे तेल गरम कर हींग, जीरा, घिसी हुई अदरक डाल कर भूनें , सूखा धनिया , हल्दी डालें फिर कटे टमाटर डाल कर भूने। जब अच्छे से तेल छोड़ दे तो छोले मिलाए व 2 मिनिट और भूनें। अब नमक मिलाकर कर निम्बू का रस डाल दें व ऊपर से प्याज़ और अदरक से सजा कर परोसे।

Mrs.  Anjul Jalota is based at Lakhimpur Kheri. She is a house maker and enjoys cooking as a hobby. She runs ‘Ghar Ki Rasoi’ Facebook page; focussed on cooking.



# बैगन के दही बड़े

## श्रीमती चंदा मेहरोत्रा द्वारा बनाने की विधि

### विधि:

सबसे पहले मीडियम आकार के दो छोटे-छोटे बैंगन लीजिए उन बैंगन को छीलकर पानी में डाल दीजिए ताकि वह काले ना पड़ें। फिर बेसन का घोल जैसे पकौड़ों के लिए तैयार करते हैं तैयार कर लीजिए। उन कतलो को बेसन में लपेट कर गरम कढ़ाई के तेल में तल दीजिए। उसके बाद दही को फेंट कर तैयार कर लीजिए और मीठी चटनी भी तैयार कर लीजिए। अब उन बैगन के पकौड़ो को 1 मिनट के लिए पानी में डाल दीजिए तथा निचोड़ कर अलग प्लेट पर रख दीजिए। जब आपको खाना हो तब आप उन बड़ों को प्लेट में रखकर ऊपर से चम्मच की सहायता से बैंगन के बड़ों में फिटा हुआ दही डालिए और उसके पश्चात ऊपर से मीठी चटनी भी डालिए व हरे धनिए से सजावट करिए भुना हुआ जीरा , लाल मिर्च व काला नमक भी डाल दें ।

श्रीमती चंदा मेहरोत्रा कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई है यह आगरा खत्री महिला सभा की महामंत्री हैं व सभी सदस्यों को समय समय पर ज्ञानवर्धक जानकारी देती रहती हैं ।इसके अलावा यह अखिल भारतीय महिला परिषद शाखा , महिला शांति सेना, वनिता विकास , माधवी गौ सेवा समिति व उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक शाखा से भी जुड़ी हुई हैं ।



VIVAAH

## SIMRAN

★★★★☆

I am happy to share my wonderful experience with **Shubhhvivaah**. After trying several other platforms and not finding the right match, I was starting to feel disillusioned with the whole process. But then I stumbled upon **Shubhhvivaah** and everything changed for the better

Download App

GET IT ON Google Play

Register Now

+44 7799748884, +91 931962 20818

info@shubbhvivaah.com

www.shubbhvivaah.com



The Art Corner

# Colourful Journals

## Artist: Ms. Pranvi Seth, Shahjahanpur






Ms. Pranvi Seth resides in Shahjahanpur and studies in Class 6th. She likes to express herself through artwork.

GET IT ON
Google Play

# Our Happy Customers:

★★★★☆

VIVAAH

" I find myself extremely lucky to join the community of Subbhvivaah, the support, and preferences on the app is similar to some guardian in the family. subbhvivaah.com team takes time from its busy schedule to listen to the problems and give their best to solve our issues. this is a highly recommended app"

www.shubbhvivaah.com

Register Now

+44 7799748884, +91 931962 20818 info@shubbhvivaah.com www.shubbhvivaah.com

Scan To Visit Website
Scan To Visit Android App
Scan To Visit iOS App



sharadmmehrotra@gmail.com

+91 9958363661

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*